हरिभूमि
# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 25 जून 2024

04 जिले के 9 केंद्रों पर 2 हजार 925 छात्रों ने दी एमपीपीएस...



07 तवज्जो नहीं मिलने से नाराज पार्षदों ने किया...





### ऑटो चालक सहित एक अन्य युवक को आई मामूली चोट

# बस चालक ने लापरवाही व तेज रफ्तार से वाहन चलाकर ऑटो को मारी टक्कर

नर्मदापुरम जिले में हाईवे मार्ग पर छोटे-बड़े वाहनों की रफ्तार पर संबंधित विभाग अंकुश नहीं लगा पा रहा है। एक ओर जहां जिले के मटकुली क्षेत्र स्थित सिद्ध बाबा के पास तेज रफ्तार से अनियंत्रित हुई यात्री बस में करीब 14 लोग घायल हो गए थे। वहीं सोमवार को एनएच 69 मार्ग पवारखेड़ा के पास तेज रफ्तार से चल रही यात्री बस ने एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो चालक एवं एक अन्य युवक को चोट आई। ऑटो चालक ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। घटना स्थल पर पुलिस पहुंची और घटना का जायजा लिया।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भोपाल-बैतूल नेशनल हाइवे 69 पर पवारखेड़ा में सीएम राइज स्कूल के सामने सोमवार सुबह तेज रफ्तार बस ने ऑटो को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर पलट गया। ऑटो में रखे सामान बिखर गया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। ऑटो ड्राइवर व एक अन्य युवक को मामूली चोट आई है। हादसे के बाद बस ड्राइवर मौके से भाग हो गया। ऑटो में सब्जियों की खाली क्रेड रखी हुई थी। ड्राइवर व एक युवक ने देहात थाने पहुंचकर सूचना दी। जिसके बाद देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची। प्रारंभिक जांच के अनुसार ऑटो ड्राइवर सत्यनारायण साहू निवासी इटारसी है। उसके साथ में ऑटो में वीरेंद्र चौहान बैठा था। सत्यनारायण साहू इटारसी से नर्मदापुरम सब्जी मंडी आ रहा था। पवारखेड़ा के पास इटारसी से नर्मदापुरम की ओर आ रही बस ने पीछे से ऑटो में टक्कर मार दी।

बस की रफ्तार इतनी थी कि टक्कर से ऑटो अनियंत्रित हो गया, जो सीधे सड़क से नीचे जाकर पलट गया। जिससे ड्राइवर व उसमें बैठा युवक घायल हो गया। ऑटो चालक ने देहात थाने पहुंचकर हादसे की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने ऑटो चालक की शिकायत पर आरोपी बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

#### गति मापक यंत्र के अभाव से हो रहे हादसे

नागरिकों का कहना है कि नर्मदापुरम जिले के राज्य मार्ग पर वाहनों की गति को अंकुश लगाने के लिए सरकार को पहल करना चाहिए, ताकि आए दिन होने वाले सड़क हादसों में किसी की भी जान न जाए। नर्मदापुरमवासी प्रमोद दुबे ने बताया कि वाहनों की गति को कम करने के लिए भोपाल सहित अन्य बड़े शहरों में गति मापक यंत्र लगाए गए हैं। जिसे वाहन चालक निर्धारित गति से अधिक वाहनों को नहीं चला पाते हैं। नियम विरूद्ध वाहन चलाने वालों का यातायात विभाग के जवानों द्वारा कार्रवाई भी जाती है।



## सांस्कृतिक प्रस्तुति से प्रवेशोत्सव...



**नर्मदापुरम।** शहर के समेरिटंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सोमवार को नन्हें मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ स्कूल में प्रवेश किया। इस अवसर पर स्कूल के डायरेक्टर डॉ आशुतोष शर्मा, प्राचार्य प्रेरणा रावत एवं प्राथमिक विद्यालय की प्रभारी स्वाति खम्परिया ने बच्चों को प्रोत्साहित कर उन्हें विद्यालय में आने पर शुभकामनाएं दी।

# कांग्रेस नेता मोहन विश्नोई की टिप्पणी पर भाजपा ने की निंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कांग्रेस के बड़बोले नेताओं ने समस्त कृषक समाज का हमेशा से ही अपमान करने का काम किया है। हाल ही में जारी हरदा कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहन विश्नोई के बयान की कड़ी निंदा की। जिसमें उन्होंने अन्नदाताओं को चोर की संज्ञा दी है। ऐसी अमर्यादित भाषा और बयानों की भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा नर्मदापुरम के जिलाध्यक्ष योगेन्द्र सिंह राजपूत ने कड़ी निंदा की है। कांग्रेस के नेताओं को कृषक समाज के प्रति अपने दोगले आचरण और रवैये से सबक लेने की बात करते हुए कहा है कि एकमात्र भारतीय जनता पार्टी ने तीसरी बार केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के सत्ता संभालते ही अपनी प्राथमिकता में सर्वप्रथम देश के अन्नदाताओं के खाते में प्रधानमंत्री सम्मान निधि की किश्त डालकर किसानों के प्रति अपनी भावना को प्रदर्शित किया।

इसी परिप्रेक्ष्य में पूर्व में भी भारतीय जनता पार्टी के मुखिया डॉ. मोहन यादव ने भी समर्थन मूल्य पर चाहे गेहूं की खरीदी हो या फिर चना खरीदी हो, को सम्पूर्ण जवाबदेही से करने का काम कर रही है और तीसरी फसल के रूप में लगातार मूंग की एमएसपी बढ़ाकर समर्थन मूल्य पर सुचारू रूप से खरीदी करने की योजना को भी अमली जामा पहनाया जा रहा है। कांग्रेस के नेताओं ने तो हमेशा किसानों के साथ छलावा कर भ्रमित करने का काम किया है। किसानों की आय को दोगुनी करने का लक्ष्य भारतीय जनता पार्टी सरकार की पहली प्राथमिकता है। मप्र का किसान समाज पूर्ण रूप से भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति और सरकार की योजनाओं का सहयोगी रहा है और हमेशा से ही सम्पूर्ण कृषक समाज का भारतीय जनता पार्टी का आर्शीवाद मिला है। कांग्रेस और उसके नेता चाहे कितने ही भ्रम फैला लें दुष्प्रचार कर लें किसान समाज उनके छलावे में आने वाला नहीं है। किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष राजपूत ने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से ऐसे बड़बोले नेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है।



## खबर संक्षेप

### बीएसएनएल की 4जी सेवा से ग्राहक परेशान




**बैतूल।** जिले में बीएसएनएल की 4जी सेवा की ग्राहकों के लिए परेशानी का कारण बन गई। ना तो इंटरनेट अच्छे से चल रहा है और ना ही कॉलिंग हो रही है। जिस एरिया में 4जी सेवा की शुरुआत हुई है वहां ग्राहक परेशान है। बीएसएनल का उपभोक्ता कई वर्षों से 4जी सेवा की शुरुआत होने की राह देख रहे रहे। लगभग एक महीना पहले बैतूल में बीएसएनएल ने 4जी सेवा को शुरुआत तो कर दी है लेकिन उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़ गई है। 4जी नेटवर्क पर इंटरनेट नहीं चल रहा है। कॉलिंग करने में भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के मुताबिक बैतूल में 32 साइड पर 4जी सेवा की शुरुआत की है।बीएसएनएल के 4जी नेटवर्क में परेशानी होने के कारण उपभोक्ताओं को बीएसएनएल कार्यालय के चक्कर काटने के लिए मजबूर होना पड़ता है। यहां पर भी उपभोक्ताओं की समस्या का समाधान नही हो रहा है। अधिकारियों का कहना है कि जहां भी 4ळ सेवा शुरू हुई है सभी जगह परेशानी आ रही है। कुछ ही दिनों बाद सभी परेशानी दूर हो जाएगी।

### खेल पुरस्कार हेतु आवेदन 31 जुलाई तक

**बैतूल।** जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी द्वारा खेल पुरस्कार-2024 एकलव्य, विक्रम, विश्वामित्र, प्रभाष जोशी एवं लाईफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार हेतु ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई 2024 तक आमंत्रित किए गए है। पुरस्कार खेल और युवा कल्याण मप्र शासन के नवीन पुरस्कार नियम 2021 के अनुसार 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2024 में अर्जित खेल उपलब्धियों के आधार पर प्रदान किये जाएंगे। इसके अलावा साहसिक खेल समुद्र, जमीन, एवं वायु आधारित हेतु भी विक्रम एवं एकलव्य पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए है। पुरस्कार हेतु पात्रता पुरस्कार राशि व अन्य शर्ते विभागीय वेबसाइट पर पद तथा प्ले स्टोर से खेल और युवा कल्याण के अनुदान एप्प को डाऊनलोड करके भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदक को ऑनलाइन आवेदन करने के उपरांत आवेदन की प्रति जिस पर पंजीयन क्रमांक अंकित हो के साथ खेल प्रमाण पत्र एवं अन्य अभिलेख की छायाप्रति कार्यालय जिला खेल और युवा कल्याण अधिकारी, मुख्य डाकघर के सामने बैतूल में संचालनालय खेल और युवा कल्याण टीटी नगर स्टेडियम भोपाल में कार्यालयीन दिवसों में 31 जुलाई 2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा।

### 1 लाख 41 हजार 270 बच्चों को दी पोलियो की खुराक

**बैतूल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान 23 जून से 25 जून 2024 तक चलाया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उईके ने बताया कि राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस 23 जून को 83.9 प्रतिशत कुल 1 लाख 41 हजार 270 बच्चों को पोलियो की दवाई पिलाई गई है। जिसमें आमला में 16 हजार 631, आठनेर में 8 हजार 982, बैतूल शहरी 7 हजार 748, बैतूल ग्रामीण 16 हजार 418, भैंसदेही में 13 हजार 307, भीमपुर में 15 हजार 310, चिचोली में 9 हजार 600, घोड़ाडोंगरी 19 हजार 778, मुलताई 11097, प्रभातपट्टन 12 हजार 765 तथा शाहपुर 9 हजार 634 बच्चे शामिल है।

### बीजों के विक्रेता को लाइसेंस लेना अनिवार्य

**सीहोर।** औषधीय फसलों एवं सब्जी, मसाला, पुष्प के बीजों का व्यापार करने वाले व्यापारी को उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लिए बिना विक्रय नहीं किया जा सकता है। बीजों के व्यापार करने के लिए विक्रेता उद्यानिकी विभाग से लाइसेंस लेना अनिवार्य किया गया है। बिना बीज लाइसेंस के व्यापार करते पाये जाने पर विक्रेताओं के विरूद्ध बीज कार्रवाई की जाएगी।

### परीक्षा हाल में पहुंचने के पहले ही कड़ी चेकिंग की गई

# जिले के 9 केंद्रों पर 2 हजार 925 छात्रों ने दी एमपीपीएस की परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



अफसर बनने के लिए बड़ी संख्या में युवा एमपीपीएससी की परीक्षा में सम्मिलित हुए। जिला मुख्यालय पर परीक्षा के लिए 9 परीक्षा केन्द्र बनाए गए थे। कड़ी निगरानी के साथ परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा हाल में पहुंचने के पहले ही अभ्यर्थियों की कड़ी चेकिंग की गई। जूते-मौजे, दुप्पट्टा बाहर रखने लगाया गया। चेकिंग के बाद ही विद्यार्थियों को परीक्षा कक्ष के भीतर प्रवेश दिया गया। परीक्षा केंद्र पर नजर रखने के लिए फ्लाईंग स्क्वायड बनाए गए थे, जिन्होंने परीक्षा समय में अलग-अलग परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

रविवार को बैतूल जिले में 9 परीक्षा केन्द्रों पर एमपीपीएससी की परीक्षा संपन्न हुई। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली 10 बजे से 12 बजे तक और दूसरी पाली 2.15 से 4.15 तक चली । परीक्षा में कुल 3 हजार 963 अभ्यर्थी सम्मिलित होने थे, लेकिन परीक्षा में 2 हजार 925 ही अभ्यर्थी ही उपस्थित हुए। 1 हजार 38 अभ्यर्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में उपस्थित और अनुपस्थित प्राप्त नही हुई थी।

#### अभ्यर्थी के जूते-मोजे उतरवाए बाहर

*एमपीपीएससी की परीक्षा कड़ी निगरानी के साथ आयोजित हुई। विद्यार्थियों को 1 घंटे पहले ही बुला लिया था। चेकिंग के बाद ही अभ्यर्थियों को कक्ष के भीतर प्रवेश दिया गया। कुछ अभ्यर्थी जूते-मौजे पहनकर चले गए थे। ऐसे अभ्यर्थियों के जूते बाहर उतरवाए गए। महिलाओं के मंगलसूत्र सहित अन्य आभूषणों की चौकिंग हुई, इसके बाद ही उन्हें परीक्षा हॉल में प्रवेश दिया गया। प्रवेश पत्र, परिचय पत्र के अलावा साथ में कोई अनुचित साधन ले जाने पर पूरी तरह से प्रतिबंध था। घड़ी भी पहनकर भीतर जाने की अनुमति नहीं थी।*

#### फ्लाइंग स्क्वायड ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण

*एमपीपीएससी की परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी के लिए 5 फ्लाईंग स्क्वायड बनाए गए। इन फ्लाईंग स्क्वायड में एसडीएम, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारियों को नियुक्त किया गया था। परीक्षा शुरू होते ही अलग-अलग परीक्षा केन्द्रों पर पहुंचकर निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। पहली पाली और दूसरी पाली दोनों में फ्लाईंग स्क्वायड अलग-अलग परीक्षा केन्द्रों पर निगरानी करते रहे।*

### महिला के आतंक से नगर में फैली दहशत

# हसिया से कटी एक व्यक्ति की उंगली कई लोगों पर किया हमला





**मुलताई।** मुलताई नगर में घूमती एक महिला ने सड़कों पर जमकर हंगामा किया। राह से गुजरते अनेक लोगों पर हमला हमला किया जिसमें तीन लोग जख्मी हो गए। कुछ लोग मोटरसाइकिल पर सवार होने के कारण महिला के हमले का शिकार होने से बच गए किंतु बैतूल रोड स्टेट बैंक से पैदल आ रहे सब्जी व्यापारी पति-पत्नी उक्त महिला के हमले का शिकार हो गए।

नेहरू वार्ड निवासी राजू कावरे ने बताया कि वह और उसकी पत्नी रेखा कावरे बैतूल रोड स्थित स्टेट बैंक से पैदल अपने घर आ रहे थे कि मंगलवारी बाजार के सामने मुख्य मार्ग से आ रही एक महिला ने हाथ में हसिया से पति-पत्नी पर हमला कर दिया जिससे उसके सीधे हाथ की उंगली कट गई वहीं पत्नी रेखा के हाथ में चोट आई है। राजू कावरे को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां उसका उपचार चल रहा है। बताया जा रहा है कि उक्त महिला ने जयस्तंभ चौक पर भी एक व्यक्ति और एक महिला पर हमला कर दो लोगों को जख्मी कर दिया । कुछ लोगों ने इसकी जानकारी मुलताई पुलिस को दी किंतु पुलिस विभाग का कहना है कि उक्त महिला मानसिक विक्षिप्त, एवं पागल है। किंतु उक्त महिला पागल है या मानसिक रूप से बीमार है इसकी अब तक कोई पुष्टि नहीं हुई है सब्जी व्यापारी राजू कावरे पर हमले की जानकारी जैसे ही उनकी पुत्री को लगी उसने महिला को गायत्री पकड़ा और पुलिस के पास ले जाने का प्रयास करने लगी।

#### अज्ञात महिला ने इन लोगों पर भी किया हमला

*सबसे पहले महिला ने जय स्तंभचौक पर नारियल की दुकान लगाने वाली जीजा बाई बारस्कर को बाल पकड़ कर खींच लिया जिससे वे सड़क पर गिर गई। जीजा बाई का सिर फूट गया और उन्हें गंभीर चोट आई। बस स्टैंड पर अक्षय मुन्ना लाल प्रजापति जो अपनी बाइक से घर जा रहा था, उस पर हसिया से हमला कर दिया जिसके कारण उसे चोट आई।*

### पूर्णा नदी में मिले शव के बारे में खुलासा

# पिता ने पुत्र के साथ मिलकर की थी छोटे भाई की हत्या



**बैतूल।** पूर्णा नदी में रस्सी से बंधा हुए शव मिलने से भैंसदेही क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शव पर चोट के निशान होने से पुलिस इसे हत्या का मामला जानकर चल रही थी। इस मामले में पुलिस ने विवेचना प्रारंभ की, तो मामला हत्या का ही निकला। पुलिस ने अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए बताया कि जमीनी विवाद में पिता ने पुत्र के साथ मिलकर छोटे भाई को मौत के घाट उतारा था और शव को पूर्णा नदी में रस्सी से बांधकर फेंक दिया था। भैसदेही पुलिस ने अज्ञात शव की पहचान ग्राम ढोण्डी निवासी रमेश पिता काल्या भुसुमकर 40 साल के रूप में की है। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने हत्या करने के बाद शव को छिपाने के लिए कंबल एवं रस्सी से बड़े-बड़े पत्थर से बांध कर श्मशान घाट पर पूर्णा नदी में बहा दिया था।

**नदी में तैरता दिखाई दिया था शव :** भैसदेही थाना प्रभारी अंजना धुर्वे ने इस अंधे कत्ल का खुलासा करते हुए बताया कि 20 जून को तकरीबन रात्रि 9 बजे पुलिस को अज्ञात व्यक्ति का शव ग्राम ढोण्डी के शमशान घाट, पूर्णा नदी के पानी में डूबा हुआ दिखाई देने की सूचना दी थी। पुलिस ने ग्राम कोटवार की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू की थी। गांव के लोगों द्वारा पहले तो मृतक को पहचानने से इनकार किया गया। परिजनों ने भी पहचानने से मना कर दिया। जांच के दौरान पुलिस को यह भी पता चला कि मृतक रमेश भुसुमकर का जमीनी विवाद उसके बड़े भाई और भाई के बड़े लड़के से था।

# गोरेगांव उपसरपंच सहित 11 पंचों ने पद से दिया इस्तीफा

### जनपद पंचायत सीईओ भैंसदेही को दिए इस्तीफे




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

अपने क्रियाकलापों को लेकर चर्चा में रहने वाली भैंसदेही विकासखंड की ग्राम पंचायत गोरेगांव एक बार पुनः चर्चा में आ गई है।ग्राम पंचायत की अनुशासनहीनता और व्यवहार और लगातार निर्माण कार्यों में हो रही अनियमितता की शिकायतों पर कार्यवाही नही होने से नाराज उपसरपंच सहित ग्यारह पंचों ने अपने सामूहिक इस्तीफे भैंसदेही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को आवेदन पत्र के माध्यम से सौपे है। ग्राम पंचायत के पंचों का कहना है उन्हे ग्राम पंचायत की बैठकों में भी नही बुलाया जाता। कोई मान सम्मान उन्हे जनप्रतिनिधि होने के नाते नही मिलता। गांव की कोई समस्या हम पंचायत को बताते है तो उन्हे लगातार अनदेखा किया जाता है। लगातार पंचायत के द्वारा अपमान जनक व्यवहार किया जाता है। आखिर आहत होकर उपसरपंच दीपक करोले सहित पंच बाजीराव लोखंडे, मीरा मोरले, निम्बा येवले, कमला बारस्कर, सुग्नती मोसिक, निलेश उकडले, कोमल बेले, भोने मोसिक, राजू बारस्कर, सुनील जमुरकर आदि पंचो ने अपना स्तीफा सौप दिया।

#### इनका कहना है

पंचों के इस्तीफे का आवेदन मिला है। ग्राम पंचायत के पंचों की शिकायत के आधार पर जांच दल गठित कर जांच की जावेगी।

**जितेंद्र सिंह ठाकुर**
सीईओ, जनपद पंचायत भैंसदेही

### 30 जून तक सतत चलेगा अभियान

# नपा कर्मियों ने की ट्रैचिंग ग्राउंड और कुएं की श्रमदान से सफाई



**सारनी।** नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन के लिए सोमवार को श्रमदानियों के साथ सुबह 8 बजे से वार्ड 22 ट्रैचिंग ग्राउंड के सार्वजनिक कुएं की श्रमदान से सफाई की। मुख्य नगरपालिका अधिकारी सीके मेश्राम ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा जन सहयोग से श्रमदान कर जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन किया जा रहा है। इसी के तहत वार्ड 22 ट्रैचिंग ग्राउंड के सार्वजनिक कुएं की सफाई की गई। कुएं में काफी मात्रा में गंदगी गिरी हुई थी। इसे टोकनियों के सहायता से कुएं से निकाला गया। नगर पालिका कर्मचारियों ने सेफ्टी बेल्ट पहनकर कुएं में उतरकर गंदगी को साफ किया। इसके अलावा दीवारों पर लगी झाड़ियों को काटा गया। मुंढेर में भी काफी मात्रा में गंदगी हो गई थी। इस कुएं से आस-पास के जलस्त्रोत रिचार्ज होते हैं। पूर्व समय में पाथाखेड़ा क्षेत्र के कई वार्डों के लोग उक्त कुएं से पानी लेते थे। इस अवसर पर उपयंत्री रविंद्र वराठे, नोडल अधिकारी कमलेश पटेल के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे। उपस्थितों को जल संवर्धन एवं संरक्षण की शपथ दिलाई गई।

### चिखली कला के किसान परेशान

# किसानों का खेतों का रास्ता हुआ बंद, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



**मुलताई।** ग्राम चिखली कला के करीब 20 से 25 किसानों का अपने खेत में पैदल, बैलगाड़ी एवं ट्रैक्टर से आने जाने का रुढ़ीगत रास्ता बंद कर दिया गया जिसको लेकर किसानों में रोष व्याप्त है। किसनों ने एसडीएम से रास्ता खुलवाने की गुहार लगाई है।

किसानों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि मुलताई-छिन्दवाड़ा मुख्य मार्ग से होकर खेतों में जाने वाले रास्ते को संजय शिवशंकर रघुवंशी और उसके भाई योगेश द्वारा द्वारा 16 जून को नांगर बखर कर बंद कर दिया गया । रविवार 23 जून को शाम को उक्त रास्ते से मजदूर आ रहे थे। जिन्हें संजय द्वारा धमकी दी कि आज यहां से आ गए दुबारा यहां से मत आना। किसानों ने बताया कि दोनों भाइयों द्वारा हमारे उक्त रास्ते को नागर बखर कर बंद कर दिये जाने से हमारे खेतों में आना जाना बंद हो गया है। जिससे फसल बुवाई में परेशानी हो रही है। हम हमारे खेतों में फसल की बुवाई नहीं हो पा रही है। चिखली कला से आए ग्रामीण दिलीप रघुवंशी, नंदा सूर्यवंशी, रमेश, अशोक, चंद्रशेखर, मोहन, मनीष आदि ने प्रभारी एसडीएम अनीता पटेल को उक्त समस्या से अवगत कराया। इसके बाद उन्होंने तत्काल संबंधित नायब तहसीलदार, आरआई और पटवारी को मौके पर जाने के निर्देश दिए। किसानों को समस्या से तत्काल निजात दिलाने के लिए कहा गया।

# जूस कॉर्नर व्यवसाई लापता, परेशान परिजनों ने पुलिस में शिकायत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

छिंदवाड़ा जिले के जुन्नारदेव थाना क्षेत्र में जैसवाल लॉन में अस्थाई तौर पर जूस की दूकान लगाने वाला 35 वर्षीय युवक अनिल उर्फ साधू सोनकर विगत 5 दिनों से लापता होने से उसके परिजन चिंतित है।

सारणी वार्ड नम्बर 11 में निवासरत युवक की बहन किरण सोनकर ने बताया की उनका भाई गर्मियों के सीजन में हर साल अस्थाई तौर पर जामई जुनारदेव के जैसवाल लॉन में 4 महीने दूकान लगाता है। इस बार भी दुकान लगाई। लेकिन विगत पांच दिनों पहले से लापता है। उसके सहयोगी से जानकारी मिली की वह घर उत्तर प्रदेश जाने का कहकर निकला था। लेकिन घर नहीं पंहुचा। वही उसके घर यानी उत्तर प्रदेश के जौनपुर से उसकी माँ ने सारणी निवासी बेटी को बताया की अनिल अभी तक घर नहीं पंहुचा। जिसके बाद बहन किरण और जीजा राकेश जुनारदेव पहुंचे और छानबीन की। लेकिन जब कोई खबर नहीं मिली तो उन्होंने जुनारदेव पुलिस में अनिल की गुशुदगी की रिपोर्ट लिखवाई है। वही अनिल का मोबाइल भी बंद आने से परिजन की चिंता बढ़ गई है। इधर जुनारदेव पुलिस भी अनिल को ढूंढ रही है। अनिल के जीजा राकेश सोनकर ने बताया की वे लगातार अनिल की तलाश कर रहे है। उन्होंने लोगो से भी अपील की है की यदि अनिल कही भी दिखे तो वे उन्हें सूचना दे सकते हैं।

### कच्ची शराब का परिवहन करते दो लोग गिरफ्तार, शराब और बाइक जब्त



मुलताई। ग्राम बिसनुर के पास पुलिस ने बाइक पर अवैध रूप से कच्ची शराब का परिवहन करते हुए दो लोगों को पकड़ा है। जिनके पास से 60 लीटर कच्ची शराब और बाइक जब्त कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। मुलताई थाना प्रभारी राजेश सातनकर द्वारा बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना पर सहायक उपनिरीक्षक एस आर मांडवी और आरक्षक हेमंत मालवी द्वारा बिसनुर के पास से राहुल पुत्र शिवदिन कुबड़े एवं सकडू पुत्र भादू परतेती दोनों निवासी डूडर बाइक से दो ट्यूब में अवैध महुए की कच्ची शराब भरकर बेचने के लिए ले जा रहे थे। जिन्हें पड़कर उनके पास से 60 लीटर कच्ची महुआ शराब और बाइक जब्त की गई। उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला कायम कर उन्हें गिरफ्तार किया गया।

### जिला सहकारी बैंक में हुआ कार्यक्रम

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया गया पौधरोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

डा.श्यामाप्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस से 6 जुलाई तक चलने वाले मोदी जी के एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत भाजपा जिला सहकारिता प्रकोष्ठ ने जिला सहकारी बैंक परिसर में पौधरोपण अभियान चलाया अभियान में शामिल हुए भाजपा जिलाध्यक्ष आदित्य बबला शुक्ला ने सहाकारी बैंक को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए पौधरोपण कर कहा कि ह्लयह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, आज के समय में पर्यावरण संरक्षण हम सबकी जिम्मेदारी है। दुनिया में बढते ग्लोबल वार्मिंग के दुष्प्रभाव को रोकने के लिए हमें पेडो के प्रति सजग रहने की जरूरत है। श्री शुक्ला ने कहा कि पेड़ लगाना हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरा-भरा वातावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हम सभी को इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए और अधिक से अधिक पेड़ लगाने का संकल्प लेना चाहिए। इस कार्यक्रम में जिला सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सूर्यकांत सोनी, पूर्व सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष विनय भावसार, अबिजर हुसैन, पूर्व संचालक उरतिला बारस्कर, घनष्याम बारस्कर, पंजाबराव बारस्कर, गुलाबचंद्र सोलंकी, जयकिषोर मिश्रा, देवेन्द्र अमरूते विषेषरूप से उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल में बोले विधायक हेमंत खंडेलवाल

# अपनी क्षमता को पहचानकर विद्यार्थी करें लक्ष्य निर्धारित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल विधायक नें उत्कृष्ट स्कूल में किया प्रेरणा संवाद

विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें कहा कि विद्यार्थी अपनी क्षमता को पहचान कर लक्ष्य निर्धारित करें और लक्ष्य प्राप्त करनें के लिए कड़ी मेहनत से पढ़ाई करें ,सफलता जरूर मिलेगी। उन्होनें कहा कि अपनी क्षमता का आंकलन कर लक्ष्य निर्धारित करनें से लक्ष्य हासिल करना सरल हो जाता है। बैतूल विधायक नें कहा कि यह पढ़ाई करनें का समय है इसलिए सभी छात्र-छात्राये एकाग्रता- मेहनत से पढ़ाई कर अपना लक्ष्य हासिल करें। बैतूल विधायक खण्डेलवाल नें उक्त बातें रविवार को उत्कृष्ट हायर सेकण्डरी स्कूल बैतूल में प्रेरणा संवाद के दौरान छात्र-छात्राओं से कहीं। उन्होनें छात्र-छात्राओं से पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी,भविष्य की प्लानिंग, स्कूल में आवश्यक सुविधाओं सहित अन्य मुददों पर सीधी बातचीत की।

**बोले विद्यार्थी-इंजीनियर, डॉक्टर, लॉयर, सांइटिस्ट बनेंगे:** प्रेरणा संवाद के लिए सोमवार सुबह उत्कृष्ट हायर सेकंडरी स्कूल पहुचें बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल नें 11 वी कक्षा में पहुचकर छात्र-छात्राओं से स्कूल की पढ़ाई और भविष्य की प्लानिंग के बारे में चर्चा की। छात्र-छात्राओं नें आत्मविश्वास के साथ बैतूल विधायक को बताया कि वे डाक्टर, इंजीनियर, लॉयर, बैंक आफीसर, सांइटिस्ट बनना चाहते है। अपने लक्ष्य के अनुसार ही उन्होनें विषय का चयन किया है और लक्ष्य प्राप्त करनें के लिए मेहनत से पढ़ाई कर रहे है। बैतूल विधायक नें छात्र-छात्राओ को देश के टॉप इंजीनियर,मेडीकल कॉलेजो और उच्च शेक्षणिक संस्थानों की जानकारी दी। उन्होनें नवप्रवेशित विद्यार्थीयों से संवाद के दौरान कहा कि अब पढ़ाई का स्तर बढ़नें के साथ ही एक्जाम का पेटर्न बदल गया है। इसलिए हर क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा के दौर में यह जरूरी है कि आनें वाले दस वर्षो में पढ़ाई का क्या उपयोग होगा ? इसकी स्टडी भी की जाये। छात्र-छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में भी कॅरियर बनानें का सुझाव दिया।

**नियमित पुस्तकालय जानें की दी सलाह:** प्रेरणा संवाद के दौरान बैतूल विधायक खण्डेलवाल नें छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन नियमित लाइब्रेरी जाने की सलाह दी। उन्होनें कहा कि स्कूल की पढ़ाई के साथ ही कम से कम एक घंटे तक लाइब्रेरी में बैठकर अपने कोर्स के साथ ही सामान्य ज्ञान सहित अन्य विषयों की भी स्टडी करें। लाइब्रेरी की स्टडी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में सहायक होगी।

**उत्कृष्ट स्कूल की उत्कृष्टता बनानें में दे योगदान:** प्ररेणा संवाद के दौरान बैतूल विधायक नें छात्र-छात्राओं से कहा कि आप लोग सौभाग्यशाली हो क्योंकि आप जिले के बेस्ट स्कूल में पढ़ रहे है। यहाँ के टीचर और स्टाफ भी बेस्ट है तथा यह स्कूल सुविधा सम्पन्न है। उन्होनें कहा कि उत्कृष्ट स्कूल बैतूल को मध्यप्रदेश के बेस्ट स्कूल का तमगा मिल चुका है। इसलिए मेहनत से पढ़ाई कर उत्कृष्ट स्कूल की उत्कृष्टता बनानें मे योगदान दे।

**तरक्की की राह दिखाती है शिक्षा:** शिक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए बैतूल विधायक खण्डेलवाल नें कहा कि शिक्षा का जीवन के हर क्षेत्र में बहुत महत्व है क्योंकि शिक्षा तरक्की की राह दिखाती है। उन्होनें कहा कि आज दुनिया में जो भी देश आगे है वहाँ शिक्षा और शिक्षक को ज्यादा महत्व - सम्मान दिया है। उन्होनें बताया कि फिनलैण्ड दुनिया का बेस्ट एजुकेशन सिस्टम वाला देश है। यहाँ हर कोई शिक्षक-प्रोफेसर बनना चाहता है। क्योंकि शिक्षक द्वारा बच्चों के साथ ही देश के भविष्य का निर्माण भी किया जाता है।

### बाल मृत्यु दर रोकने दस्तक अभियान

**बैतूल।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के निर्देशानुसार बाल मृत्यु दर पर नियंत्रण के लिए कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में जिले में दस्तक अभियान 25 जून से 27 अगस्त तक चलाया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रविकांत उईके ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 देशबंधु वार्ड टिकारी में 25 जून को प्रातः 10 बजे दस्तक अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। डॉ.उईके ने बताया कि अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल मृत्यु प्रकरणों में कमी लाना है। दस्तक अभियान के अन्तर्गत बीमार नवजातों और बच्चों की पहुंच, प्रबंधन एवं रेफरल एवं अस्पताल से छुट्टी प्राप्त बच्चों का फॉलोअप किया जाएगा। बच्चों में विटामिन ए की खुराक का अनुपूरण और 5 आयु वर्ष के बच्चों में दस्त की पहचान की जाएगी।

परिषद की बैठक में पार्षदों ने आवेदन देकर कहा वार्डों में कोई काम नही हो रहे

# तवज्जो नहीं मिलने से नाराज पार्षदों ने किया परिषद बैठक का बहिष्कार

नगर परिषद के पार्षदों ने अध्यक्ष सहित अधिकारी को परिषद की बैठक का बहिष्कार करते हुए कहा कि परिषद में पार्षदों को न तो तवज्जो दी जा रही है और न ही वार्ड की समस्याओं का समाधान और विकास किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर



नगर परिषद सोहागपुर इन दिनों चर्चाओं में है यहां जब से परिषद का गठन हुआ है तब से ही अध्यक्ष और पार्षदों के बीच समन्वय नही बन पा रहा है। पीआईसी की बैठकें भी नही हो पाई है, अब हालात ये हो गए है कि जिन पार्षदों ने अध्यक्ष को चुना है वही विरोध में खड़े हो रहे है। सोमवार को होने वाली परिषद बैठक कोरम पूरा न होने से केंसिल हो गई, अब 26 जून को परिषद की बैठक पुनः आहूत की गई है। बता दे कि नगर परिषद सोहागपुर में अब सत्ताधारी दल के साथ साथ कांग्रेस के पार्षद मिलकर विरोध करने पर उतर रहे है, पार्षदों का कहना है कि न कोई मान सम्मान मिल रहा है न ही वार्डो में अथवा नगर में कोई काम हो रहे है, न अध्यक्ष सुनती है ओर न ही कोई कर्मचारी अधिकारी ध्यान दे रहे है ऐसे में अब हम परिषद की बैठक में शामिल होकर भी क्या करेंगे। सोमवार को दोपहर 3 बजे से बुलाई गई परिषद की बैठक में अध्यक्ष लता पटेल, उपाध्यक्ष आकाश रघुवंशी सहित पार्षद धर्मदास बेलवंशी और पार्षद आशीष विष्वकर्मा ही पहुचे , जिसके चलते कोरम के अभाव में कोई चर्चा नही हो सकी न ही किसी मुद्दे पर बात रखी जा सकी। उधर सीएमओ जीएस राजपूत का कहना है कि फिलहाल कोरम के अभाव में परिषद की बैठक निरस्त करके आगामी 26 जून को बुलाई गई है, वहीं एक आवेदन देकर 9 वार्ड पार्षदों ने बैठक का बहिष्कार किया है। जिनमें पार्षद हेमलता अहिरवार सुभाष वार्ड, हेमलता कहार अंबेडकर वार्ड, ज्योति चौरसिया रघुवंशीपुरा वार्ड,अमृता चौरसिया जवाहर वार्ड,भास्कर मांझी मतापुरा वार्ड,क़्लिपुरा वार्ड पार्षद शवाना बसीम खान, गौतम वार्ड पार्षद कविता साहू, गांधी वार्ड पार्षद जमील खान सहित तिलक वार्ड पार्षद शकुन सराठे के हस्ताक्षर है।

**इनका कहना है**

हमारे वार्ड में ना सफाई करवाई जा रही, न ही वार्ड की स्ट्रीट लाइट ठीक करवाई जा रही , न ही किसी प्रकार का कोई निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। पीएम आवास के हितग्राहियों के आवास अधूरे पड़े है , उनकी राशि नही दी जा रही, कोई सुनने वाला नही है।

**हेमलता मोहन कहार,** पार्षद अंबेडकरवार्ड

न तो वार्ड में कोई काम हो रहे है न ही नगर हित मे कोई काम हो रहे है ऐसी परिषद की बैठक में जाकर क्या करेंगे।

**हेमलता जगदीश अहिरवार,** पार्षद सुभाषवार्ड

# कलाकारों ने शास्त्रीय संगीत सुमधुर प्रस्तुति से बांधा समां, हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



सारेगामा की स्वर लहरियों में लिपटी संगीत की धुनें जब बच्चों ने प्रस्तुत की तो यहां मौजूद लोगों ने उनका तालियों से अभिनंदन किया। ईश्वर रेस्टोरेंट में स्वरमालिका म्यूजिक क्लासेस के तत्वावधान में संस्कृतिक कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पंडित बृजमोहन दीक्षित और पंडित रामकृष्णाचार्य एवं रेनबो स्कूल के संचालक नीलेश जैन मौजूद थे। इस मौके पर मुख्य अतिथि पं. ब्रजमोहन दीक्षित ने कहा स्वरमालिका म्यूजिक क्लासेस में बच्चों को अच्छा संगीत सीखने को मिल रहा है, सभी बच्चों को खूब मेहनत करना चाहिए क्योंकि संगीत पढ़ाई नहीं बल्कि तपस्या हैद्ध उन्होंने कहा कि संगीत ईश्वर को पाने का माध्यम है।

पं. रामकृष्णाचार्य ने कहा कि संगीत के माध्यम से जीवन को अनुशासित किया जा सकता है। उन्होंने स्वरमालिका म्यूजिक क्लासेस की संचालिका दिव्याकांता राजपूत की प्रसंशा की। कार्यक्रम को नीलेश जैन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में स्वरमालिका म्यूजिक क्लासेस की संचालक दिव्याकांता राजपूत के नेतृत्व में राशि खाड़े, तनिष्का शर्मा, अधिश्री सिंह, आरणा शर्मा, अथर्व यादव, समायरा चौरसिया, रुद्र तिवारी, गौरी मैना, आर्या डोंगरे, अनन्या साहू, आरोन जोसेफ, कृष्ण गुप्ता, अरिहंत जैन, देवांश जैन, अश्विका तृप्ति दुबे, हवन शर्मा, अग्रिमा राजपूत, अभय मालवी, पूजा राजपूत, लवण मालवीय, ऐश्वर्या मसीह, युवान लालवानी, विद्यानिधि मिश्रा, नैना गढ़े ने शास्त्रीय संगीत की प्रस्तुति दी।

## वैश्य महासम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष के जन्मदिन पर पौधरोपण व प्रतिभा का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



24 जून को वैश्य महासम्मेलन मप्र के प्रदेश अध्यक्ष उमाशंकर गुप्ता के जन्मदिन को वैश्य महासम्मेलन सेवा दिवस के रूप में मनाता है। इस उपलक्ष्य में वैश्य महासम्मेलन ने वृक्षारोपण किया। इसी मौके पर सिविल सर्विसेस में 479 वॉ स्थान प्राप्त करने पर वैश्य समाज की बालिका पलक गोयल सुपुत्री नरेंद्र गोयल कॉलोनाइजर नर्मदापुरम का सम्मान वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश जिला इकाई नर्मदापुरम ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष संजय शिल्पी, जिला उपाध्यक्ष रवि अग्रवाल, जिला महामंत्री हरीश अग्रवाल, होशंगाबाद से वरिष्ठ साथी अनिल अग्रवाल उपस्थित रहे।

## कृषि मंडी से चोर ले गए ट्यूबवेल की मोटर

**इटारसी।** कृषि उपज मंडी से चोर ट्यूबवेल की मोटर चोरी करके ले गए। मामले में मंडी प्रबंधन ने सिटी थाने में शिकायत दर्ज करा दी है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी मंडी परिसर में कई बार चोरी की घटनाए हो चुकी है। मंडी सचिव कैलाश बामलिया ने बताया कि कृषि मंडी में निर्माणाधीन थोक सब्जी मंडी में लगे ट्यूबवेल की मोटर की चोरी हुई है। चोरी गए ट्यूबवेल की मोटर की कीमत करीब 15 हजार रुपए बताई जा रही है।

## बच्चों को दी पोलियो ड्रॉप

**नर्मदापुरम।** जिले में राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान जारी है, दूसरे दिन जिले के सभी विकासखंडों में 0 से 5 वर्ष तक के कुल 27254 बच्चो को पोलियो की दवा गई। जिले के सभी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पोलियो दल द्वारा आज 1 लाख 34 हजार 9 सो 10 घर घर जाकर छूटे हुए 27254 हितग्राहियों को पोलियो दवा पिलाई गई।

# बलिदान दिवस पर बच्चों को बांटी पाठन सामग्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर



मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् द्वारा चयनित गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति द्वारा रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य पर आंगनवाड़ी क्रमांक 03 में बच्चों को पेन, पेंसिल, किताब कापियां, वितरण किए गए। संस्था प्रमुख नितिराजसिंह यादव ने रानी दुर्गावती के जीवन पर प्रकाश डाला। जनपद सदस्य भगवानदास यादव ने बच्चों को उपहार देते हुए समिति की प्रशंसा की। इस अवसर पर गुरुदेव शिक्षा एवं समाज सेवा समिति प्रमुख नीतिराजसिंह यादव, सेक्टर प्रभारी सुरेश यादव, आंगनबाड़ी से आशा कार्यकर्ता सुषमा यादव, उर्मिला बिछैले, राकेश ,सत्यम, नैतिकराज उपस्थित रहे।

# दूधियावाड़ में श्याम कीर्तन के आयोजन में श्याम प्रेमी हो गए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिवनीमालवा



श्याम कीर्तन का आयोजन पवित्र धर्मस्थल दूधियावाड़ में आयोजित किया गया मौसम देखते हुए बाबा की कृपा से निर्विघ्न कार्यक्रम सफल संपन्न हुआ। पंडाल को वाटरप्रूफ बनाया गया था बाबा की प्रतिमा का अलौकिक श्रृंगार किया गया। बाबा के स्थान को फूलों से सजाया गया ज्योत जलाई गई। सभी श्याम प्रेमियों ने लाइन में लगकर बाबा की ज्योत में घी एवं नारियल डालकर बाबा का आह्वान किया बाबा को अनगिनत भोगो का प्रसाद लगाया गया। कार्यक्रम में कीर्तन गायक इटारसी के हार्दिक राठी एवं जयपुर के अभिषेक नामा ने अपने कीर्तन की प्रस्तुति दी मधुर आवाज में सुंदर कीर्तन सुनकर श्याम प्रेमी भाव विभोर हो गये। श्याम प्रेमियों की फरमाइशो पर कीर्तन चलते रहे सभी ने कीर्तन का आनंद लिया पूरा पंडाल श्याम भक्ति में ली हो गया कीर्तन में इत्र एवं पुष्प की वर्षा की गई। कार्यक्रम का स्थान दूर होने के श्याम प्रेमियों ने आवागमन के साधन उपलब्ध कराये विधायक प्रेमशंकर वर्मा, पूर्व विधायक ओमप्रकाश रघुवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन द्वारा गायको का सम्मान किया गया कार्यक्रम के अंत में श्याम बाबा की महाआरती की गई एवं प्रसादी वितरण किया गया। इस अवसर पर सचिन महेश्वरी, हर्ष महेश्वरी, विनीत राठी, राजा तिवारी, श्रीधर अग्रवाल, रितेश मालवीय, दीपक राठी, जयेश खंडेलवाल, अमित गोयल, दीपक सोनी, मोहन अग्रवाल, दिलीप अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, नरेंद्र राठौर, आकाश साहू, रजनीश यदुवंशी सहित हजारो की संख्या श्याम प्रेमी उपस्थित थे।

# इनक्रीज ऑफ यूथ पॉलिटिक्स को लेकर किया गया कार्यक्रम




हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

एंटरप्रेन्योरशिप के लिए शहर में अलग-अलग जिलों से आए युवाओं ने इनक्रीज ऑफ यूथ पॉलिटिक्स को लेकर युवा पार्षद राहुल प्रधान से संवाद किया।

इस दौरान युवा पार्षद ने बताया अंश हैप्पीनेस सोसायटी भोपाल के माध्यम से आए छात्रों ने यूथ पॉलिटिक्स में युवाओं की हिस्सेदारी नेतृत्व क्षमता चुनौतीयाँ सामाजिक और राजनीतिक समन्वय के साथ भविष्य में युवाओं के कौशल स्किल हाई एडुकेशन को कैसे हम इनक्रीज कर डेवलप कर सके विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई।

# शिक्षक संघ ने किया सांसद का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया




नवनिर्वाचित सांसद चौधरी दर्शन सिंह जो पूर्व में शिक्षक रह चुके हैं उनका स्वागत राज्य शिक्षक ब्लॉक शिक्षक संघ के द्वारा किया गया। ब्लॉक अध्यक्ष दीप सिंह पटेल ने बताया कि संसद का आत्मिक स्वागत किया गया जिसमें सभी शिक्षक साथी शामिल हुए राज्य शिक्षक अध्यापक संघ के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया संसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया उसे दौरान सांसद ने अपने वक्तव्य में कहा कि मैं सभी शिक्षकों को उनके लिए पहले जैसा परिवार का सदस्य था और रहूंगा सांसद नहीं जो लंबे समस्याएं हैं उन्हें प्राथमिकता से हल करने का प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन के के पुरोहित के द्वारा किया गया आभार प्रदर्शन ब्लॉक अध्यक्ष दीप सिंह रघुवंशी तहसील अध्यक्ष धीरेंद्र सिंह पटेलमनीष जैन सहित तमाम पदाधिकारी उपस्थित थे एवं जिला अध्यक्ष बनखेड़ी ब्लॉक अध्यक्ष सहित तमाम शिक्षक लोग उपस्थित रहे।

# मुख्य मार्ग से गोवंश को हटाकर गोशाला भेजने का अभियान आरंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



जनपद पंचायत केसला द्वारा नेशनल हाईवे और मुख्य मार्गों से आवारा पशुओ को हटाकर गोशाला में भिजवाने के निर्देश जारी कर दिए। इसके लिये हाइवे से सटी पंचायतों सनखेड़ा, नागपुरकलॉ, सोमलवाड़ा, पाण्डुखेड़ी, पथरोटा के सरपंच सचिवो को निर्देशित किया गया है कि किसी भी सूरत में आवारा पशु सड़क पर बैठे दिखाई दें तो हांकने वाले के माध्यम से गौशाला तक पहुंचा दें। जनपद सीईओ रंजीत ताराम ने बताया कि वर्षा काल में आवारा पशुओं के कारण होने वाली संभावित दुर्घटनाओं की रोकधाम और पशुधन की जीवन रक्षा के लिए आवश्यक है कि उन्हें सड़कों के बजाये सुरक्षित और अनुकूल स्थानों पर रखा जाये, जहां गौवंश की समुचित देखभाल हो सके। इसके लिए केसला और जमानी में गौशाला पूर्व से संचालित है तथा ताकू, धुरपन और सोनतालाई में शीघ्र प्रारंभ होंगी. निर्देश प्राप्त होते ही पंचायत द्वारा आवारा गौवंश को गौशाला पहुंचाने का कार्य प्रारंभ कर दिया है।

# आबकारी विभाग ने औद्योगिक क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶नर्मदापुरम



आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश ग्वालियर के अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जाकर कार्यवाही के निर्देश के अंतर्गत रविवार की देर शाम को कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशन में एवं जिला आबकारी अधिकारी अरविंद सागर के मार्गदर्शन में मुखबिर से सूचना मिलने पर वृत औद्योगिक क्षेत्र इटारसी के ग्राम कलारी पैट में एक रहवासी मकान पर दबिश दी गई। मकान की तलाशी लेने पर मकान के अंदर से देशी मदिरा प्लेन के 328 क्वार्टर (59.0 बल्क लीटर देशी मदिरा,) विधिवत जप्त कर, मौके से आरोपी अरुण पिता बालकिशन दामले निवासी ग्राम कलारी पैट को गिरफ्तार कर उसके विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(1) (क) एवं 34 (2) के तहत प्रकरण कायम किया गया। इस कार्यवाही में जप्त शराब की कीमत लगभग 23000 रुपए आंकी गई है। आरोपी को माननीय न्यायालय इटारसी के समक्ष पेश किया गया तथा न्यायालय के आदेश पर आरोपी को 13 दिवस के ज्यूडिशियल रिमांड पर केंद्रीय जेल नर्मदा पुरम भेजा गया। उक्त कार्यवाही में आबकारी उप निरीक्षक राजेश साहू, आरक्षक राजेश गौर एवं दुर्गेश पठारिया शामिल रहे। आबकारी विभाग नर्मदापुरम द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध विशेष अभियान के अंतर्गत निरंतर कार्यवाही जारी रहेगी।

# सांसद एवं जनप्रतिनिधियों का हुआ स्वागत-सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया




नगर में लंबे समय से प्रजापति ब्रह्मकुमारी ईश्वरी विश्वविद्यालय का संचालन सलाम दीदी के द्वारा किया जा रहा है जिनके द्वारा हमेशा संदेश दिया जाता है कि पवित्र बनो राज योगी बनो उनके द्वारा सांसद दर्शन सिंह चौधरी भाजपा नेता अरविंद राय नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर प्रशांत रघुवंशी साहब तमाम भाजपा के जनप्रतिनिधियों को पुष्पमाला पहनकर शाल श्रीफल के साथ उनका तिलक लगाकर स्वागत सम्मान किया गया और उसके पश्चात भोलेनाथ का प्रसाद वितरण किया गया जिसका संचालन बी के कृष्ण ने किया आभार राजेश पटेल एवं अजय राय के द्वारा किया गया। सांसद नियुक्त होने के पश्चात लगातार स्वागत सम्मान का कार्यक्रम पिपरिया विधानसभा क्षेत्र की जनता जनप्रतिनिधियों के द्वारा किया जा रहा है इसी दौरान सिविल अस्पताल में पौधारोपण के कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया इस दौरान हेमराज पटेल विधायक ठाकुरदास नागवंशी सहित तमाम लोगों उपस्थित रहे।

सर्व ब्राह्मण समाज की महिला संगठन ईकाई की बैठक हुई

# परशुराम जयंती कार्यक्रम की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



सर्व ब्राह्मण महिला संगठन की बैठक भगवान परशुराम भवन में आयोजित की गई। बैठक में संरक्षक कल्पना शर्मा द्वारा अध्यक्षता की गई जिसमें परशुराम जयंती महोत्सव को लेकर महिला संगठन द्वारा किए आयोजन की समीक्षा की तथा आगामी सामाजिक कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में संरक्षक कल्पना शर्मा ने कहा कि पिछली परशुराम जयंती महोत्सव के दौरान महिला संगठन की प्रस्तुति ऐतिहासिक रही यही नहीं महिला संगठन ने हर आयोजन में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्यक्रम को भव्य बनाया है निश्चित थी, इसके लिए महिला संगठन बधाई का पात्र है। कल्पना शर्मा ने नगर सभा अध्यक्ष ज्योति शर्मा एवं उनकी पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि जब-जब संगठन को ऐसा नेतृत्व मिलता है तब तक संगठन आगे बढ़ता है। संरक्षक इंदिरा तिवारी ने कहा कि जयंती पर हुए आयोजन की चर्चा पूरे शहर में रही। भविष्य में और अधिक मेहनत करके महिला संगठन काम करता रहेगा ऐसी मेरी अपेक्षा है। संरक्षक नीरू मिश्रा ने कहा कि जयंती के कार्यक्रम निष्पक्ष एवं निस्वार्थ भावना से किया था जिसका परिणाम रहा कि आयोजन की आज भी प्रशंसा हो रही है। संगठन अध्यक्ष ज्योति शर्मा ने सभी सदस्यों का आभार मानते हुए कहा कि सभी के सहयोग से ही संगठन आगे बढ़ता है। समय में भी संगठन अपने इसी रास्ते चलकर कार्यक्रम आयोजित करेगा। इस अवसर पर कमला तिवारी ने कहा कि लंबे समय से मैं संगठन के कायक्रम में आ रही थी परंतु पहली बार जयंती महोत्सव में देखा कि अध्यक्ष ज्योति शर्मा एवं उनकी टीम द्वारा प्रत्येक महिला सदस्य को जो सम्मान दिया गया वह प्रशासनीय योग रहा आगामी समय में संगठन से और भी महिला सदस्य जुड़ेंगी। इस अवसर पर उपाध्यक्ष रेखा दुबे, अर्चना तिवारी, निधि शर्मा, सचिव पूजा तिवारी, मोना अवस्थी, समिघा पाठक, रितु तिवारी, मंजुला तिवारी, आवाज शुक्ला चांदनी शुक्ला, सुनैना रावत, अभिलाष तिवारी, सुनीता जोशी, मधुलिका तिवारी, वंदना शर्मा भारती दुबे रचना मिश्रा सहित अनेक महिला सदस्य उपस्थित थी।

# वीरांगना रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सतपाल पलिया एवं उनके समर्थकों के द्वारा अपने कार्यालय में शौर्य स्वाभिमान साहस और पराक्रम की पर्याय चंदेलों की बेटी गोंडवाना साम्राज्य की महारानी वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस को मनाया गया उसे दौरान उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई जिसमें अनेक लोग उपस्थित रहे मुख्य रूप से जगदीश रघुवंशी शंकर सुजान सिंह रघुवंशी शीतल मौर्य संध्या नगोत्र सभी सलवार सिया सफा सेजल मालवी खुशबू पटवा पार्वती चौधरी रानी जबरिया प्रीति जेवरिया इंदिरा केवट खुशी पटवा गजेंद्र विश्वकर्मा सुरेश सोनी कैलाश पटेल गोविंद चौहान सूरज मेहर निलेश ठाकुर कपिल ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। के द्वारा रानी दुर्गावती को श्रद्धांजलि अर्पित की गई पलिया ने अपने उद्बोधन में कहा कि बलिदान दिवस पर उसे शख्सियत को याद किया जाता है जिसने आज यह भारत स्वतंत्र करके हम लोगों के हाथ में सोप है इसकी सुरक्षा हमारी जवाबदारी है और ऐसे वीर सपूतों को हमेशा याद करते रहना चाहिए जिससे कि जीवन में आगे चलने कर रहा है आसान होता है।

## खबर संक्षेप

### हनुमान प्रतिमा को किया खंडित, जनता में आक्रोश

**हरदा।** सिराली थाना क्षेत्र के ग्राम आमासेल में असामाजिक तत्वों ने हनुमानजी की प्रतिमा को खंडित कर दिया। घटना को लेकर ग्रामीणों के साथ-साथ हिन्दू वादी संगठनों ने आक्रोश जताया। सूचना मिलने पर पुलिस के साथ प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से प्रतिमा के साथ छेड़छाड़ करने वाले आरोपियों पर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह जब ग्रामीण मंदिर में दर्शन के लिए पहुंचे तो उन्हें प्रतिमा खंडित दिखाई दी। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी ने प्रतिमा पर पत्थर मारकर उसे खंडित कर दिया है। सिराली तहसीलदार आरके झरबड़े ने बताया कि सूचना मिलने पर एसडीओपी के साथ आमासेल पहुंचकर मंदिर में मूर्ति के कुछ हिस्से को क्षतिग्रस्त होना पाया गया था। जिसे ठीक करा दिया गया है। चूंकि मंदिर गांव से दूर स्थानी नदी के किनारे है। ग्रामीणों ने चंदा एकत्रित कर फेंसिंग करने का निर्णय लिया है। ताकि मंदिर बंद होने के बाद कोई असामाजिक तत्व प्रवेश नहीं कर पाएं।

### जिले में आज से प्रारंभ होगा दस्तक अभियान

**हरदा।** बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ विभाग द्वारा प्रतिवर्ष महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से दस्तक अभियान संचालित किया जाता है। यह अभियान वर्ष में 2 बार अधिकतम 6 माह तथा न्यूनतम 4 माह के अंतराल में आयोजित किया जाता है। अभियान के प्रथम चरण में 5 वर्ष तक के बच्चों की चिकित्सीय जांच कर बीमारियों की पहचान एवं त्वरित उपचार व प्रबंधन पर बल दिया जाता है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि दस्तक अभियान जिले में 25 जून से 27 अगस्त तक चलाया जाएगा।

### 24 घंटों में जिले में 1.6 मिमी हुई औसत वर्षा

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 0.8 मिमी, खिरकिया में 3.2 मिमी, सिराली में 4.4 मिमी वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 69.4 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 111.8 मिमी, टिमरनी में 49.6 मिमी, खिरकिया में 24 मिमी, रहटगांव में 73.4 मिमी व सिराली में 88.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई।

### गौशाला स्तर एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होंगे

**हरदा।** वर्ष 2024-25 को गौवंश रक्षा वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है। जिसमें गौशाला एवं जिला स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा कलेक्टर्स को निर्देश जारी किए गए हैं। निर्देश में कहा कि पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मनरेगा योजना से अपूर्ण व निर्माणाधीन गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण करें। चिन्हित चरनोई भूमि से अतिक्रमण हटाकर स्थानीय गौशाला हेतु आरक्षित करने संबंधी कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए।

### तम्बाकू नियंत्रण समिति की बैठक आज

**हरदा।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम का जिले में त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन तथा प्रावधानों का पालन कराने के उद्देश्य से जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक 25 जून को आयोजित की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने बताया कि बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### बिजली कटौती को लेकर पार्षद ने पत्र लिखा

**रहटगांव।** टिमरनी के पार्षद सुनील दुबे ने क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती के संबंध में ऊर्जा विभाग मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर एवं मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग संजय दुबे को ई मेल के माध्यम से आवेदन दिया। जिसमें कहा गया कि कि गत 5-6 माह से टिमरनी में बिजली की अघोषित कटौती की जा रही हैं। जिससे शहर की जनता आक्रोशित है। पत्र में लिखा है कि संबंधित बिजली अधिकारियों कर्मचारियों को फोन लगाने पर सही स्थिति भी स्पष्ट नहीं की जाती हैं।

### फिर सुर्खियों में 24 सरोवरों का मामला, न सिंचाई हुई और न ही सिंघाड़े की खेती

# रात के अंधेरे में वन भूमि को खोद रही जेसीबी वन विभाग ने की जब्त

### मछली एवं बतख पालन से आजीविका सृजन और पर्यटन स्थल का सपना भी कागजों तक ही सीमित





हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

**फॉलोअप**

मनरेगा में अमृत सरोवर और अन्य जल संरक्षण एवं संवर्धन कार्यों में जेसीबी मशीनें रात के अंधेरे में वन भूमि को खोद रहीं हैं। वन विभाग के अमले ने खारवा (चैनपुर) में बुधवार रात्रि 10.30 बजे एक जेसीबी मशीन बरामद की है, जो अमृत सरोवर का निर्माण कर रही थी। इस घटनाक्रम से 24 सरोवरों (366.03 लाख रुपए) का मामला फिर सुर्खियों में आ गया है, जिन पर रुपए 330.22 लाख व्यय हो चुके हैं। जिनसे न सिंचाई और न ही सिंघाड़े की खेती हो सकी है। वहीं मछली एवं बतख पालन से आजीविका सृजन और पर्यटन स्थल से सामाजिक मिलन स्थल विकसित करने का सपना भी कागजों तक ही सीमित हो गया है।

सरकार ने अमृत महोत्सव काल में मिशन की शुरुआत 24 अप्रैल 2022 में की थी, जो 15 अगस्त 23 को पूर्ण होना थी। जिसके तहत देश में 50 हजार और प्रत्येक जिले में 75 या इससे अधिक अमृत सरोवरों (तालाब) का निर्माण किया जाना था। जिनमें प्रत्येक सरोवर न्यूनतम एक एकड़ क्षेत्रफल और 10 हजार क्यूबिक मीटर जल क्षमता का होगा और उनके चारों ओर नीम, पीपल, बरगद आदि का पौधरोपण का कार्य भी प्रस्तावित थे।

**इनका कहना है...**

ग्राम पंचायत खारवा द्वारा कक्ष क्रमांक 949 में अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा था। जिसमें 21 जून को वन अपराध दर्ज कर, एक जेसीबी बरामद की गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**पप्पू महाजन,**
प्रभारी सब रेंज चैनपुर (चिरिया)

अमृत सरोवर वर्ष 22-23 में बने थे एवं वर्ष 23-24 के 6,7 कार्य ओंन गोइंग हैं और अब प्रतिबंध लगा दिया गया है। इनमें दिसंबर में पानी खत्म हो जाता है।

**महेंद्र कुमार श्रीवास्तव,**
सीईओ, जनपद पंचायत, झिरन्या

#### मिट्टी के ढेर में मिल गए करोड़ों रुपए

*यदि किसी अपवादों को छोड़ दें तो इस अंचल में निर्मित 24 अमृत सरोवर भी मिट्टी के ढेर होकर जलविहीन हैं। जिसके अनुसार ग्राम बड़ी में लागत रुपए 14.58 लाख बिलखेड़, रुपए 14.55 लाख (कालु का खेत), बिलखेड़ में ही रुपए 14.76 लाख (सरदार बेचान का खेत), बोरवाल में रुपए 24.28 लाख, बूंदा में रुपए 14.81 लाख, धूपा बुजुर्ग में रुपए 14.78 लाख, गुवाड़ा रुपए 14.61 लाख, कोठा बुजुर्ग में रुपए 14.76 लाख (गुवाड़ा फाल्या), कोटबेड़ा रुपए 14.82 लाख (तेरसिंह का खेत) एवं कोटबेड़ा में रुपए 14.72 लाख (छाकला का खेत), कुड़ी में रुपए 23 लाख, मेंडागढ़ रुपए 24.73 लाख, पाडल्या रुपए 14.54 लाख, पिपरी रुपए 14.38 लाख एवं पिपरी में रुपए 11.91 लाख से अमृत सरोवर चेक डेम, पिपरखेड़ नाका में रुपए 14.74 लाख और पिपरखेड़ नाका में रुपए 14.99 लाख, रातलीपुरा में रुपए 13.57 लाख, सपाटिया में रुपए 14.68 लाख से केरीया और इसी गांव में रुपए 44.27 लाख से बाच्या के खेत के पास, सेमलखूंट में रुपए 24.19 लाख से और तिनस्या के रोशिया गांव में 3 अमृत सरोवर तलाई (रुपए 14.13 लाख) की लागत से बनाए गए हैं। इन जलविहीन अमृत सरोवरों के कई तथ्य प्रशासन में बैठे आला अधिकारी भी स्वीकार कर चुके हैं। जिला पंचायत सीईओ आकाशसिंह पूर्व में ही इनकी गुणवत्ता और अन्य बिन्दुओं की जांच के निर्देश दे चुके हैं, जो प्रतीक्षित है।*

### विक्रय व भंडारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण

## उर्वरक व बीज के लिए जा रहे नमूने 2 व्यापारियों के लायसेंस निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा



खरीफ मौसम वर्ष 2024 में किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त उर्वरक एवं बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग के जिला एवं विकासखण्ड निरीक्षकों द्वारा उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं के विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठानों का निरंतर निरीक्षण एवं नमूने आहरित किए जा रहे हैं।

प्रभारी उप संचालक कृषि संजय यादव ने बताया कि सोमवार को जिला बीज निरीक्षक रामकृष्ण मंडलोई, कृषि विस्तार अधिकारी अनिल कुमार मलगाया ने माँ रेवा कृषि सेवा केंद्र हंडिया, चौहान ट्रेडर्स हंडिया के विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण कर बीज के नमूने लिए। इसके अलावा विकासखंड कीटनाशी निरीक्षक सोनल अठनेरे, कृषि विस्तार अधिकारी अरुण कुमार दुबे ने एन.पी.के. कृषि सेवा केंद्र हरदा एवं कृष्णा इंटरप्राइसेज हरदा के विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया। अद्यतन स्थिति तक उर्वरक के 66 नमूने एवं बीज के 290 नमूने आहरित कर, विश्लेषण के लिये राज्य शासन द्वारा अधिसूचित उर्वरक गुण नियंत्रण एवं बीज गुण नियंत्रण प्रयोगशाला को प्रेषित किये गये हैं। अद्यतन स्थिति तक 39 उर्वरक के नमूनो का परिणाम मानक स्तर एवं 18 बीज नमूनो का परिणाम मानक स्तर का पाया गया है। साथ ही 1 बीज नमूना अमानक पाये जाने पर संबंधित विक्रेता को प्रदाय बीज लायसेंस निरस्त किया गया। प्रभारी उप संचालक कृषि यादव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान विक्रेताओ के विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान में पायी गई कमियों के आधार पर 7 उर्वरक विक्रेता एवं 7 बीज विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था, जिनमें से 1 बीज विक्रेता का जबाव संतोषजनक नहीं होने पर बीज लायसेंस को निलंबित किया गया तथा 2 बीज विक्रेताओं के विक्रय एवं भण्डारण स्थल पर पाये गये बीज को विक्रय से प्रतिबंधित किया गया। इसके अलावा पौध संरक्षण औषधि विक्रेताओं के विक्रय एवं भण्डारण प्रतिष्ठान का निरीक्षण करने पर पायी गई अनियमितता के संबंध में 19 विक्रेताओं को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया तथा 1 विक्रेता के विक्रय एवं भण्डारण स्थल पर उपलब्ध स्कन्ध को विक्रय से प्रतिबंधित किया गया।

## खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने ली शपथ

### 24 जून से 18वीं लोकसभा का सत्र प्रारंभ हुआ



**खंडवा।** 24 जून से 18वीं लोकसभा का सत्र प्रारंभ हुआ। लोकसभा सत्र के पहले दिन पीठासीन कार्यवाहक लोकसभा अध्यक्ष भ्रतहरि महताब ने चल रहे लोकसभा सत्र के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्यों एवं निर्वाचीत सांसदों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि 18वीं लोकसभा संसद सत्र सोमवार से प्रारंभ हुआ। प्रातः 11 बजे लोकसभा की कार्रवाई प्रारंभ होने के बाद प्रधानमंत्री के साथ ही साथ ही कैबिनेट में शामिल सभी मंत्रियों को शपथ दिलाने के बाद सांसदों को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को भी कार्यवाहक लोकसभा अध्यक्ष महताब ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद पाटिल ने नर्मदे हर भारत माता की जय का उद्घोष किया। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने अध्यक्ष के साथ ही मंत्रिमंडल के सदस्यों, कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा का आशीर्वाद भी प्राप्त किया।

## सड़क दुर्घटना में किसान की मौत पुलिस ने मर्ग कायम किया

**हरदा।** रविवार करीब 4 बजे के आसपास जिले के हंडिया थाना क्षेत्र के ग्राम बैड़ी निवासी एक किसान की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार ग्राम बैड़ी निवासी राजेश पिता हरनारायण जाट (47) खेत पर बोनी के लिए गया था। वहां से किसी काम से घर लौटने के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर बैड़ी और अजनास के बीच बनी नहर की पुलिया में जा गिरी। घटना में किसान के शरीर के अंदरूनी हिस्सों में चोट लगी गई थी। इसके बाद सड़क से गुजर रहे लोगों ने किसान के परिजनों को सूचित किया। परिजनों ने राजेश को तत्काल शहर के एक निजी नर्सिंग होम लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। रविवार शाम को शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। शाम होने की वजह से पीएम नहीं हो पाने के चलते शव को मर्चुरी में रखा गया है। सोमवार सुबह जिला अस्पताल में शव का पीएम कर परिजनों को सौंपा जाएगा। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम किया है।


## स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर जाकर पिलाई जा रही बच्चों को पोलियो खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

5 वर्ष तक की उम्र के सभी बच्चो को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान के तहत दूसरे दिन सोमवार को आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एएनएम एवं अन्य मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर सर्वे कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। इस दौरान जिले के चिन्हित हाई रिस्क एरिया जैसे- ईट भट्टे, निर्माण स्थल, मेला स्थल, झुग्गी झोपड़ी, घुमक्कड आबादी सहित अन्य स्थानों पर भी क्षेत्र के मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के द्वारा सर्वे कर 5 वर्ष की आयु तक के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई।



## अनिल दुबे विधायक प्रतिनिधि बने



**हरदा।** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने द्वारा अधिवक्ता अनिल दुबे की सक्रियता को देखते हुए नगर पालिका परिषद हरदा में अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। अनिल दुबे को नियुक्ति पत्र हरदा विधायक द्वारा अपने निवास पर सौपा। अनिल दुबे हरदा नगर पालिका में समस्त शासकीय बैठको में हरदा विधायक का प्रतिनिधित्व करेगे। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पार्षद आहद खान एवं नेता प्रतिपक्ष नगर पालिका अमरलाल रोचलानी उपस्थित थे।

## जिपं अध्यक्ष वानखेड़े आवास के लिए छह महीने से कार्यालयों के लगा रही हैं चक्कर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



जिला पंचायत अध्यक्ष पिंकी वानखेड़े पिछले छह महीनों से अपने आवास के लिए प्रशासनिक अधिकारियों के कार्यालयों के चक्कर लगा रही हैं। वानखेड़े ने बताया कि उन्होंने अपने आधिकारिक आवास के लिए कई बार आवेदन किया है, लेकिन अभी तक उन्हें कोई संतोषजनक उत्तर नहीं मिला है। हर बार उन्हें यह कहकर टाल दिया जाता है कि उनका मामला प्रक्रियाधीन है।

वानखेड़े ने यह भी बताया कि उनके द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज़ समय पर जमा कर दिए गए हैं, फिर भी उन्हें आवास नहीं मिल सका है। जिला पंचायत सीईओ सहित अपर कलेक्टर को कई बार अवगत कराया लेकिन अभी तक मुझे आवास आवंटित नहीं हुआ। साथ ही उन्होंने कहा, मैं पिछले छह महीनों से लगातार अधिकारियों के पास जा रही हूं, लेकिन कोई भी ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है। वानखेड़े ने इस संबंध में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं से भी संपर्क किया, ओर विधायक खंडवा को भी शिकायत की। उन्होंने ने कहा आज कलेक्टर कार्यालय आई हूं, ताकि कलेक्टर से शिकायत कर मामले की गंभीरता से रूबरू कराई जाए।

**इनका कहना है...**

मैं छह महीने से आवास के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रही हूं। आवास भवन खाली होने के बावजूद मुझे गुमराह किया जा रहा। मैं कलेक्टर से मिलने कार्यालय आई हूं ताकि उन्हें अवगत करवाया जाए।

**पिंकी वानखेड़े,**
जिला पंचायत अध्यक्ष जिला खंडवा

### जिला अस्पताल में पदस्थ विशेषज्ञ डॉक्टर मर्जी से आते-जाते हैं

## नाक-कान और गले के मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज, दो ईएनटी विशेषज्ञ पदस्थ फिर भी भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर




जिला अस्पताल में पर्याप्त स्वास्थ्य संसाधन होने के बाद भी जररूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में लोग निजी अस्पतालों में मंहगा इलाज कराने को मजबूर हैं। जिला अस्पताल में पदस्थ विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी मर्जी से आते-जाते हैं। ड्यूटी के समय की इन्हें कोई परवाह नहीं है। न ही इन्हें मरीजों की चिंता है।

**नाक-कान और गला के मरीजों को नहीं मिल रहा इलाज :** जिला अस्पताल में दो नाक-कान और गला विशेषज्ञ के रूप में डॉ. सुधीर श्रीवास्तव और डॉ. प्रवीर गुप्ता पदस्थ हैं। लेकिन बावजूद इसके मरीजों को इलाज नहीं मिल पा रहा है। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव अधिकांश समय अपने कक्ष से गायब रहते हैं। मरीज यहां-वहां भटकते रहते हैं। घंटों इंतजार करते रहते हैं। लेकिन उन्हें इलाज कराने डॉक्टर नहीं मिलता। मजबूरन लोगों को प्राइवेट डॉक्टर से इलाज कराना पड़ता है। जिला अस्पताल में दो ईएनटी विशेषज्ञ उपलब्ध हैं। डॉ. सुधीर श्रीवास्तव जिन्हें आरएमओ और ब्लड बैंक प्रभारी बनाया गया है। वहीं दूसरे डॉ. प्रवीर गुप्ता हैं, जो सिविल सर्जन हैं। दोनों की ही व्यवस्ताएं बनी रहती हैं। बताया गया कि दोनों ही डॉक्टर प्रबंधन के कार्यों में व्यस्त रहते हैं। लंबे समय से जिला अस्पताल में ऐसे हालात बने हैं। इसके बावजूद भी ईएनटी मरीजों के लिए अतिरिक्त डॉक्टर की व्यवस्था नहीं की जा रही। ओपीडी के समय पर विशेषज्ञ डॉक्टर नहीं आते हैं, जिससे मरीज घंटों परेशान होते रहते हैं। ओपीडी का समय सुबह 9 बजे है। लेकिन, डॉक्टर 10 बजे पहुंचते हैं। इसके बाद दोपहर से पहले ही निकल जाते हैं। जबकि शाम 5 से 6 बजे भी डयूटी करने के निर्देश हैं। लेकिन, शाम को डॉक्टर अस्पताल नहीं आते हैं। इस मामले में सिविल सर्जन डॉ. प्रवीर गुप्ता का कहना है कि डॉ. सुधीर श्रीवास्तव को ब्लड बैंक की जिम्मेदारी है। आरएमओ होने के कारण भी वह व्यस्त रहते हैं। लेकिन, मरीजों को भी देखना है। मैं खुद भी मरीजों को देखता हूं।

### आम जनता पर महंगाई की मार

## धनिया 200 तो टमाटर 80 रुपए के पार



**खंडवा।** खंडवा में मानसून के साथ ही महंगाई भी बढ़ गई है। शहर में टमाटर और हरा धनिया के दाम आसमान छू रहे हैं। महंगाई की मार से लोग परेशान हो रहे हैं, क्योंकि हरा धनिया 200 रुपए प्रति किलो, टमाटर 80 रुपए प्रति किलो और हरी मिर्च 120 रुपए प्रति किलो बिक रहे हैं, जिससे लोगों की जेब पर भारी असर पड़ा है।

व्यापारियों के अनुसार भीषण गर्मी के कारण हरा धनिया और टमाटर को नुकसान हुआ, जिससे टमाटर अब नासिक और कोटा से आ रहा है। मंडी में थोक में टमाटर 45-50 रुपए किलो और हरा धनिया 160 रुपए प्रति किलो बिक रहा है, लेकिन बाजार में फुटकर दाम और बढ़ जाते हैं। खंडवा के रमा कॉलोनी निवासी संजय गंगराडे ने बताया की सब्जियों के बढ़ते दामों से आम जनता का बजट बिगड़ रहा है,आमजन की आमदनी जस की तस हैं और महंगाई आसमान छू रही हैं ,पहले जहां 5 किलो टमाटर लाए जाते थे, अब लोग एक पांव में ही संतुष्ट हो रहे हैं। खंडवा शहर के वत्सला विहार निवासी सेवानिवृत केदार नेगी ने कहा की सप्ताह में सब्जियों के दामों में तेजी आई है। हमारा सब्जी लेना और खाना मुश्किल हो गया क्योंकि हरा धनिया फुटकर में 200 रुपए प्रति किलो तक बिक रहा है और टमाटर 60-80 रुपए किलो बिक रहा है।सब्जी के भाव आम आदमी के बजट से बाहर हो रहे हैं।